फाल्गुन शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 15 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 118, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO: 05 MIDDLE

सेमीफाइनल में पहुंचीं साई एकेडमी और एसआरएमएस किंग्स की टीमें

- श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के हुए क्वार्टर फाइनल मैच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को दो क्वार्टर फाइनल मैच हुए। साईं एकेडमी और एसआरएमएस किंग्स ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में पहले क्वार्टर फाइनल में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर साईं क्रिकेट एकेडमी को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया। साईं क्रिकेट एकेडमी के बल्लेबाज 20 ओवर में 115 रन बना सके। एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी की टीम चार विकेट खोकर 109 रन ही बना पायी और एसआरएमएस एकेडमी ने छह रन से जीत हासिल की। साईं क्रिकेट के गेंदबाज लकी को मैन आफ द मैच चुना गया। लकी ने तीन ओवर में 16 रन देकर दो विकेट लिए। दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच अफरीदी क्रिकेट क्लब ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। अफरीदी क्लब की टीम ने 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 162 रन बनाए, जवाब में एसआरएमएस किंग्स ने तीन विकेट से जीत हासिल की। दूसरे मैच में किंग्स के लिए शिव कुमार राठी को मैन आफ द मैच चुना गया।